
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 174
मुरादाबाद
(Monday)
14 October 2024
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'पहल का उद्देश्य भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाना'; गतिशक्ति के तीन साल पूरे होने पर पीएम



विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे के लिए 13 अक्तूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) लॉन्च किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन साल पूरे होने पर सराहना की है। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज़ और अधिक प्रभावी विकास हुआ है।

अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है

और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। बता दें कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे के लिए 13 अक्तूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) लॉन्च किया गया था। यह आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। यह सात आर्थिक क्षेत्रों- रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है। पीयूष गोयल ने भी की टिप्पणी- गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट को टैग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी थी। इस पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने पीएमजीएस-एनएमपी के तीन साल पूरे होने पर गतिशक्ति पहल की सराहना की थी। गोयल ने अपनी पोस्ट में कहा आज पीएम नरेंद्र मोदी जी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के लॉन्च के तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था तबाह है', बाबा सिद्दीकी की मौत पर राहुल गांधी ने सरकार को कोसा



महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल गांधी ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट- महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए।%कांग्रेस से रहा लंबा नाता- बाबा सिद्दीकी ने राजनीति की शुरुआत एक छात्र नेता के रूप में की थी और लंबे समय तक वह कांग्रेस के सदस्य रहे। वह पहली बार क्ल्स्ष्ट में कॉरपोरेटर (पार्षद) चुने गए थे। बाबा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी और साल 1977 में पार्टी की स्टूडेंट विंग ह्स्ढ्ढ में शामिल हुए थे। इसके बाद 1980 में बांद्रा युवा कांग्रेस महासचिव, 1982 में बांद्रा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और 1988 में मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने। साल 1999 में बाबा कांग्रेस के ही टिकट पर पहली बार बांद्रा वेस्ट सीट से विधायक बने। बाबा सिद्दीकी साल 2014 तक लगातार तीन बार बांद्रा वेस्ट से विधायक चुने गए। वे महाराष्ट्र सरकार में 2004-2008 तक खाद्य और श्रम मंत्री भी रहे। साल 2019 में बाबा सिद्दीकी को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। फरवरी, 2024 में वे कांग्रेस छोड़ अजित पवार की ह्ष्टक्क में शामिल हुए थे। वे महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुंबई डिवीजन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### पहला दीक्षांत समारोह 21 अक्टूबर को, उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ होंगे मुख्य अतिथि, मिली मंजूरी

कुलपति प्रो. चंद्रशेखर ने बताया कि जैसे ही उपराष्ट्रपति के विशेष कार्याधिकारी से स्वीकार्यता मिली है, वैसे ही वे और समारोह की तैयारियो में जुटे लोग खुश हो गए।राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) का पहला दीक्षांत समारोह 21 अक्तूबर को होगा। समारोह में मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ होंगे। पहले दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति की आमद से विवि प्रशासन गदगद है। उपराष्ट्रपति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए कुलपति पिछले दो महीने से प्रयासरत थे। आखिर उनकी मेहनत रंग ले आई। उपराष्ट्रपति कार्यालय से उनके आने की मंजूरी मिलते ही विवि प्रशासन ने और तेजी से तैयारियां शुरू कर दी। कुलपति प्रो. चंद्रशेखर ने बताया कि जैसे ही उपराष्ट्रपति के विशेष कार्याधिकारी से स्वीकार्यता मिली है, वैसे ही वे और समारोह की तैयारियो में जुटे लोग खुश हो गए। दीक्षांत समारोह में 41 विद्यार्थियों को मिलेगा स्वर्ण पदक- परास्नातक पाठ्यक्रम में हिंदी में सर्वोच्च अंक लाने पर माधव शर्मा, संस्कृत में अदिति चोला, समाजशास्त्र में अमरजीत सिंह, गृह विज्ञान में ज्योति चौधरी, रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन में तरुण कुमार, राजनीति शास्त्र में मानसी वार्ष्णेय, शिक्षा शास्त्र में तनिष्का, , जंतु विज्ञान में गर्वित शर्मा को स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: यूपी के बहराइच जिले के हैं दो शूटर, रोजी-रोटी की तलाश में गए थे मुंबई, ये है रिकॉर्ड



मुंबई में हुए बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में दो शूटरों का नाम सामने आ रहा है। ये दोनों शूटर यूपी के बहराइच जिले के हैं। अब तक प्राप्त सूचना के अनुसार इनका कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। मुंबई में हुए बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में यूपी के दो शूटरों का नाम सामने आ रहा है। इस घटना में शामिल धर्मराज कश्यप और शिव कुमार उर्फ शिवा गौतम दोनों कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले थे। दोनों परिवार के भरण पोषण के लिए मुंबई कमाने गए थे। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया की दोनो का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। यह दोनों ही सामान्य परिवार के लोग हैं। अभी तक नियमित रूप से यह परिवार के साथ जुड़े हुए भी थे। पुलिस घर पहुंचकर परिवार से बात कर रही है। साथ ही यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस घटना के बारे में परिवार के पास क्या जानकारी है। शनिवार रात हुई थी हत्या- महाराष्ट्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, इस हत्याकांड को लेकर नया दावा सामने आया है। रिपोर्ट्स में दावा किया है कि हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए पटाखों का फायदा उठाया। दरअसल, दशहरे के मौके पर जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर पटाखे फोड़ रहे थे तभी उनकी हत्या की गई। यूपी एसटीएफ को किया अलर्ट- मुंबई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाला धर्मराज कश्यप बहराइच का रहने वाला है। अपने कुछ महीनों पहले अपने साथी शिवाा गौतम के साथ मुंबई काम तलाशने गया था। मुंबई में हुए इस हाईप्रोफाइल मर्डर में उसका नाम सामने आने के बाद बहराइच पुलिस ने उसके बारे में छानबीन की तो कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं मिला। फिलहाल पुलिस उसके बारे में गहनता से पता लगा रही है। वहीं दूसरी ओर बाबा सिद्दीकी की हत्या का यूपी लिंक सामने आने के बाद एसटीएफ की सारी यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है। दरअसल, वारदात में शामिल एक शूटर मौके से भाग गया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए यूपी के अंडरवर्ल्ड की मदद लेने की आशंका जताई जा रही है, जिसकी वजह से एसटीएफ इसकी टोह लेने में जुट गई है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि अभी मुंबई पुलिस ने एसटीएफ से संपर्क नहीं किया है, लेकिन धर्मराज और उसके साथी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, एसटीएफ को शक है कि धर्मराज किसी संगठित गिरोह से जुड़ा था, जिसके बाद उसे किसी खास काम से मुंबई भेजा गया। दरअसल, वारदात के दौरान धर्मराज का किसी पेशेवर शूटर की तरह पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना उसके किसी गिरोह से जुड़े होने का संदेह पुख्ता कर रहा है। मजदूरी करने गया था- हमारे बहराइच कार्यालय के अनुसार धर्मराज कश्यप और शिवा गौतम कैसरगंज कोतवाली के गंडारा गांव के रहने वाले हैं। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि दोनों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड फिलहाल नहीं मिला है। दोनों सामान्य परिवार के हैं और मजदूरी करने मुंबई गए थे। दोनों के बारे में सारी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। ये है हत्याकांड के आरोपियों का बैकग्राउंडशिव कुमार गौतम उर्फ शिवा गौतम पुत्र बालकिशुन उर्फ ननकुन्ने। शिवा दो भाइयों में छोटा भाई है। पिता खेती और मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। शिवा की शादी नहीं हुई है। धर्मराज कश्यप पुत्र राधे कश्यप, छः भाइयों में सबसे छोटा भाई है। पिता मछली बेचता है और बड़ा भाई मछली भी बेचता है। दूसरा भाई ठेला लगाता है। तीसरा भाई कपड़े की दुकान पर मजदूरी करता है साथ ही और भी भाई मजदूरी करते हैं। चार बड़े की भाई शादी हो गई है। धर्मराज और एक और भाई की शादी नहीं हुई है। इन लोगों के पास खेती न के बराबर है।

## यति नरसिंहानंद विवाद: महापंचायत में शामिल होने से रोकने पर हंगामा, भीड़ ने बैरिकेड पलटी, पुलिस ने फटकारी लाठी

पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के बाद पनपे विवाद के बाद डासना मंदिर परिसर में रविवार को होने वाली महापंचायत में सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए। हालांकि, पुलिस ने उनको मंदिर जान से पहले ही रोक दिया।पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के बाद पनपे विवाद के बाद डासना मंदिर परिसर में रविवार को होने वाली महापंचायत में सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए। हालांकि, पुलिस ने उनको मंदिर जान से पहले ही रोक दिया। बड़ी तादाद में लोग वापस चले गए। जबकि, कुछ लोगों ने महापंचायत में आने की जिद की तो पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया।जगह-जगह बेरिकेडिंग की गई। स्थानीय लोगों को भी पूछताछ के बाद ही उनके अंदर, दुकान, प्रतिष्ठानों पर आने जाने की अनुमति दी गई। उधर, यूपी के अलग-अलग हिस्सों के अलावा बड़ी तादाद में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली से भी संत पंचायत में पहुंचे थे। एक दिन पहले ही 50 से ज्यादा संतों का जत्था मंदिर में पहुंच गया। जैसे ही संतों को पता चला कि महापंचायत में लोगों को आने से पुलिस रोक रही है तो संतों ने कहा कि पुलिस जहां रोके वहीं पर पंचायत शुरू कर दी जाए। वहीं, यति नरसिंहानंद का रविवार को भी कुछ पता नहीं चला। वह एक सप्ताह से लापता हैं। समर्थक जहां आरोप लगा रहे हैं कि यति नरसिंहानंद को गायब किया गया है। जबकि, पुलिस ने इन आरोपों को खारिज किया है। इस बारे में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।विधायक को भी पुलिस ने रोका- लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी अपने समर्थकों के साथ डासना देवी मंदिर में होने वाली महापंचायत में शामिल होने के लिए पहुंचे लेकिन में रोड पर ही उनको पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से उनकी नोकझोंक भी हुई। पत्रकारों से वार्ता में विधायक ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। विधायक और उनके समर्थक अंदर जाने की जिद पर अड़े हैं। फिलहाल मंदिर परिसर में 60 से 70 लोग मौजूद हैं। पत्रकारों को भी अंदर जाने से रोका जा रहा है। लोगों ने बैरिकेड पलटी, पुलिस ने फटकारी लाठी - महापंचायत में जाने के लिए जब 400 से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए तो उन्होंने बैरिकेड को पलट दी। पुलिस और लोग आमने-सामने आ गए हाथापाई की नौबत पहुंच गई। पुलिस ने लाठी फटकारी और किसी तरह लोगों को काबू किया। इस दौरान भगदड़ जैसा माहौल पैदा हो गया। बड़ी तादाद में लोग इसके बाद वापस लौट गए। वहीं, विधायक नंद किशोर गुर्जर को जब अंदर नहीं जाने दिया गया तो उन्होंने वहीं पर महापंचायत करने की घोषणा कर दी। उन्होंने डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन करने समेत अन्य मामलों में एनएसए की कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर भी तमाम आरोप लगाए। वाहनों और लोगों की भीड़ की वजह से लगा जाम- महापंचायत में आने वाले लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे बेतरतीब खड़े कर दिए। बड़ी संख्या में लोग भी वहां मौजूद थे।



## संपादकीय Editorial

# Displacement V S . Rehabilitation

If the argument of compensation worked for Himachal, then the people who were affected by displacement became the best in national level payments. Apart from Himachal, the amount received in lieu of land acquisition in Kerala and West Bengal is considered to be the best at the national level, yet many scenes of displacement bother the development of the state. This is also because after the implementation of the Himachal Land Ceiling Act, land holding is registering a very low average.

The danger of displacement increases in every future resolution because Himachal is left with only 30 percent non-forest land to move forward. The rest of the land is named after the forest and due to obtaining no objection certificates, it creates a jungle of politics. In such a situation, Himachal has its own struggle on two fronts for development. First, that maximum forest land should be acquired for public development, second, that those who are displaced due to the necessity of displacement should be given proper compensation. At present, ever since the road transport department has started measuring the four-lane, references to displacement are present at every turn.

Tears of displacement are still present in Gobind Sagar and Pong lake, because then people were looted in the amount of compensation, whereas now rehabilitation is being weighed. Actually, if clarity and policy of rehabilitation is put on the chariot of development, then the thinking will change. This is what was seen in the land acquisition of the four-lane and now the government is understanding the expansion of Kangra airport in the sense of rehabilitation. Rehabilitation cannot be hundred percent despite a lot of efforts, yet if it is made an opportunity, then new cities, new settlements, new industrial centers and new markets can be developed. It is surprising that if an industrial city had been built for the 3300 families displaced not only in Himachal but in the country, i.e. Pong Dam, then all the compensation would have been converted into economics. The state whose displacement proved to be a boon for Rajasthan, gave the scorching desert to the people displaced from Himachal for rehabilitation. As a result, the compensation for Pong displacement either got buried in the jam of Rajasthan or got looted in the account of rehabilitation.

In such a situation, if the expansion of Kangra Airport also adds New Gaggal, Airport Business Corridor and Gaggal Residential Colony, then a new look of rehabilitation economy will be created. Needless to say, the Sukhu government has seen the Gaggal displacement in the government's hospitality in the compensations so far and if this is possible, it will set an example. In the development of Himachal, land is needed to strengthen the employment structure and for which forest land and non-forest land acquisition is necessary, but before that half a dozen investment cities should be established in the state. We have lost land for dams and roads so far, but now displacement and rehabilitation should happen simultaneously to build transport cities, IT parks, hill stations and industrial complexes for employment as well as to establish a land bank for every city.

# India realizing Act East, country's reputation increasing

During the ten years of Act East, Asia-Pacific has transformed into Indo-Pacific and most countries, except China, have a positive attitude towards this change. Now to make the concept of Indo-Pacific successful, India will have to create a synergy between its Indo-Pacific Ocean Initiative (IPOI) and the Indo-Pacific perspectives of other countries. India will now have to move forward with the help of realism and strategic wisdom. Shriram Chaulia. Prime Minister Narendra Modi is going to Laos to participate in the 21st India-ASEAN Summit and the 19th East Asia Summit. Although the presence of Prime Ministers in both these summits is common every year, but this year this stopover holds special significance due to the completion of ten years of India's Act East policy i.e. the initiative to woo the eastern end. In the year 2014, the Modi government renamed the Look East policy implemented since 1992 as Act East with the aim of making it dynamic and comprehensive. Based on the developments of the last decade, it can be said that this was not a superficial change. Under Act East, India has strengthened relations with South East Asia (ten ASEAN countries), North East Asia (Japan, Korea and Mongolia) and Oceania (Australia, New Zealand and Pacific Island countries) in the trade, military and cultural fields. During this time, India has also strengthened its strategic partnership with America, which is directly related to the economic and geopolitical scenario of East Asia. In the era of Act East, India has made deep inroads in East Asia. India was once known only as a South Asian country, but now it is playing a big role in deciding the destiny of East Asia. In the region where only China and America were once considered the major and decisive powers, today India's credibility has increased there and it is going to become even more effective in the future. A research institute called Lowy Institute of Australia has ranked India as the most powerful country after America and China in the Asia Power Index of 2024. It is not hidden from the various countries of East Asia that India is an important player in maintaining balance in their region. In 2004, the then Prime Minister of Singapore, Goh Chok Tong, had said that if ASEAN is the frame of an airplane, then China is one of its wings and India is the other wing and without these two wings, flight cannot take place. Today, under Act East, India-ASEAN bilateral trade has doubled compared to 2014 and has reached the level of $ 131 billion. ASEAN has also given India the status of a comprehensive strategic partner above a strategic partner. However, East Asian countries were hoping that India would also join the Regional Comprehensive Economic Partnership (RCEP) agreement in 2022 and that would give them more opportunities in India's huge market. But, due to India's trade deficit with ASEAN countries and China's huge investment in them, India avoided that agreement. On the other hand, America had created the Indo Pacific Economic Framework (IPEF) in 2022 itself with the aim of intensifying competition with China, in which India became a founding member. Compensating for the rejection of RCEP through IPEF is a challenge for Indian foreign policy. India's growing closeness with America will bring East Asia into a position of mutual economic benefit as well as enhance regional security. In this region, America is considered the top defense partner and China the primary economic partner, but in the last decade China has terrorized smaller countries with its expansionist behavior and intimidation. Every day China makes territorial claims on Philippines, Vietnam, Indonesia, Taiwan and Japan and tries to dominate them with military force. In such a situation, India alone cannot resist China in a distant and extended region like East Asia. India, America, Japan and Australia have reactivated the Quad group since 2017. Quad is not a military alliance, but its goal is to create a regional system based on rules and international law. In clear words, Quad stands against China-centricity of East Asia. India has also supported the Aakash alliance declared between America, Britain and Australia and the Squad between America, Japan, Australia and Philippines. It is in India's interest to work together with these new groups to create a geopolitical balance. However, cooperation with such groups does not mean that India will be completely dependent on the US and its friends. In the Act East policy, India has highlighted the issue of defence more than in the Look East policy and has created new triangular equations in the Indo-Pacific. In view of this, useful combinations like India-Indonesia-Australia, India-France-Australia and India-Singapore-Thailand have been operational for some years. In this sequence, if triangular groups of India-Japan-South Korea and India-Vietnam-Indonesia are also formed, then India will not only remain as a security provider in the Indian Ocean, but will also be able to lead the entire Indo-Pacific.



# Congress's cry, expert in making allegations when results are not as per its wish

Being in power for 10 years, anti-incumbency trend had developed against BJP. This was natural but to take advantage of it, Congress thought it better to use only negative propaganda as its weapon. There are good reasons to believe that Congress got deceived by those who created this fake atmosphere that it is going to win a big victory in Haryana very easily. The way Congress, which lost the winning battle in Haryana due to its mistakes, said that it does not accept the election results and the way its leaders reached the doors of Election Commission crying about alleged irregularities in the counting of votes, the saying that a disgruntled cat scratches the pole seems to be true. Even though Election Commission has written a strong letter to Mallikarjun Kharge regarding the baseless statements of Jairam Ramesh and other Congress leaders on the results of Haryana and said that this has never happened before in the democratic history of the country, but it does not seem that this will have any effect on the health of Congress. There is no possibility of this because its leaders have become experts in making fabricated allegations when the results are not as per their wish. Remember that during the Lok Sabha elections, it was Jairam Ramesh who had made the sensational allegation that the Union Home Minister was threatening DMs of various districts over the phone. When he was asked to provide evidence for this, he started looking away. If the Election Commission had taken strict action against him then, perhaps he would not have fabricated a new lie on the results of Haryana. The behavior of the Congress after the defeat in Haryana shows that it neither digests victory nor defeat. After winning 99 seats in the Lok Sabha elections, it was behaving as if it had achieved the majority. Now, the Congress, which gave the BJP a chance to gain power for the third time in Haryana, instead of looking at its mistakes, is venting its frustration by blaming the Election Commission. By doing this, it is not only defaming Indian democracy and misleading the people, but is also avoiding the questions that have arisen before it after the election results of Haryana. The first question is why did it give undue importance to Bhupendra Singh Hooda, who sidelined Kumari Selja and other leaders, obstructed the agreement with the Aam Aadmi Party and did not allow the formation of an organization? Being in power for ten years in Haryana, an anti-incumbency trend had developed against the BJP. This was natural, but to take advantage of it, the Congress thought it better to use propaganda as its weapon. There are good reasons to believe that the Congress fell into the trap of those who created a fake atmosphere that it was going to win a big victory in Haryana very easily. It should know that excess of everything is bad and this includes self-confidence as well. If the Congress does not give up the habit of blaming others for its weaknesses, it will suffer further losses. There is no possibility of this because its leaders have become experts in making fabricated allegations when the results are not as per their wish. Remember that during the Lok Sabha elections, it was Jairam Ramesh who had made the sensational allegation that the Union Home Minister was threatening DMs of various districts over the phone. When he was asked to provide evidence for this, he started looking away. If the Election Commission had taken strict action against him then, perhaps he would not have fabricated a new lie on the results of Haryana. The behavior of the Congress after the defeat in Haryana shows that it neither digests victory nor defeat. After winning 99 seats in the Lok Sabha elections, it was behaving as if it had achieved the majority. Now, the Congress, which gave the BJP a chance to gain power for the third time in Haryana, instead of looking at its mistakes, is venting its frustration by blaming the Election Commission. By doing this, it is not only defaming Indian democracy and misleading the people, but is also avoiding the questions that have arisen before it after the election results of Haryana. The first question is why did it give undue importance to Bhupendra Singh Hooda, who sidelined Kumari Selja and other leaders, obstructed the agreement with the Aam Aadmi Party and did not allow the formation of an organization? Being in power for ten years in Haryana, an anti-incumbency trend had developed against the BJP.

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस

मुरादाबाद- राष्ट्रीय स्वयं सेवक की ओर से रविवार को स्थापना दिवस मनाया गया। जिसके तहत महानगर में अलग-अलग स्थान पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। इससे पहले शाखा में



रचना, शारीरिक और बौद्धिक सत्र भी आयोजित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 1925 में विजयादशमी के ही दिन ने संघ की स्थापना की गई थी। आज देश में लाखों की संख्या में स्वयंसेवक हैं। इसी उपलक्ष्य में रविवार को महानगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें रामगंगा विहार स्थित निर्मल पार्क और लाइन पार्क के रामलीला मैदान में ग्राउंड से पथ संचलन निकला। इन आयोजनों में पूरे गणवेश में भारी संख्या में स्वयं सेवक सहभागी बने। अनुशासन में स्वयं सेवक कदम से कदम मिलाकर चलते हुए नजर आए। इन आयोजनों से पहले सभी स्थानों पर आयोजित शाखा में रचना, शारीरिक, बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। आरएसएस से जुड़े सभी पदाधिकारी पथ संचलन में शामिल रहे।

# बच्चों के झगड़े के बाद दो समुदाय में विवाद, जमकर पथराव

**कटघर थाना क्षेत्र की गुलाबबाड़ी वीरशाह हजारी में शनिवार की देर रात हुआ बवाल**

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बच्चों की लड़ाई ने तूल पकड़ा लिया। इसके बाद दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए और जमकर पथराव हुआ। पथराव में एक व्यक्ति जख्मी हो गया, जबकि मौके पर खड़ी कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बवाल कर रहे हैं लोगों को दौड़ाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। एक समुदाय की ओर से घर में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना कटघर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी स्थित वीरशाह हजारी में शनिवार की देर रात अलग-अलग समुदाय के बच्चे किसी बात को लेकर आपस में लड़ रहे थे। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। इसके बाद बवाल हो गया। एक समुदाय का आरोप है कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उनके घरों पर और वाहनों पर रेलवे लाइन से उठाकर पथराव किया। पथराव में एक युवक जख्मी हो गया, जबकि घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी मिलने पर कटघर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बवाल कर रहे लोगों को लाठी चलाकर दौड़ाया। पुलिस के पहुंचने पर एक समुदाय ने दूसरे समुदाय पर उनके घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। आरोप लगाने वाले सभी लोग कटघर थाने पहुंचे और दूसरे समुदाय के खिलाफ तहरीर दी। मामला दो समुदाय का होने के कारण मौके पर भारी पुलिस फोर्स बल तैनात कर दिया गया है। इंस्पेक्टर कटघर संजय कुमार ने बताया कि दो समुदायों के बच्चों के बीच विवाद के बाद बड़े लोगों में मारपीट हो गई थी। स्थिति नियंत्रण में है। एक पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। विवाद में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# गन्ना समिति मुरादाबाद की मात्र एक सीट पर होगा चुनाव, दस निर्विरोध; इस तारीख को होगा चुनाव

मुरादाबाद। गन्ना समिति चुनाव में निदेशक पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो



गई। नामांकन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए भाकियू टिकैत के पदाधिकारी कलक्ट्रटेट में धरने पर बैठे रहे। हालांकि, बाद में नामांकन पत्रों के मूल्यांकन के बाद सूची चस्पा होने पर धरना समाप्त कर दिया। मुरादाबाद गन्ना समिति और बिलारी में केवल एक-एक सीट पर चुनाव होगा।गन्ना समितियों के तीन अक्टूबर को डेलीगेट के चुनाव के बाद अब डायरेक्टर पद के लिए चुनाव होने हैं। मुरादाबाद की तीन गन्ना समितियों के 11 डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए दस अक्टूबर को नामांकन होने थे। नामांकन के दौरान सपा और भारतीय किसान यूनियन ने नामांकन पत्र नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सपा पदाधिकारियों की पुलिस कर्मियों से नोकझोंक भी हुई थी। इसके बावजूद 16 नामांकन पत्र भरे गए। सपा का आरोप है कि उनके पक्ष से एक भी नामांकन नहीं हुआ। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने बताया कि उनके विजयवीर सिंह पिछली बार गन्ना चेयरमैन थे। लेकिन, उनका भी नामांकन नहीं हो पाया। शुक्रवार को नामांकन पत्रों का निरीक्षण कर अंतिम सूची चस्पा की जानी थी। वहीं भाकियू के पदाधिकारी दोपहर में ही कलक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव डा. नौ सिंह आरोप था कि चुनाव प्रक्रिया में धांधली की जा सकती है। उनके प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करने की आशंका है। तीन बजे के बाद अंतिम सूची चस्पा कर दी गई। इसमें भाकियू समर्थित मुरादाबाद से उम्मीदवार मोहित चौधरी और बिलारी से दिवाकर चौधरी के नाम सूची में शामिल होने पर उनका धरना समाप्त कर दिया। गन्ना समितियों के तीन अक्टूबर को डेलीगेट के चुनाव के बाद अब डायरेक्टर पद के लिए चुनाव होने हैं। मुरादाबाद की तीन गन्ना समितियों के 11 डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए दस अक्टूबर को नामांकन होने थे। नामांकन के दौरान सपा और भारतीय किसान यूनियन ने नामांकन पत्र नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सपा पदाधिकारियों की पुलिस कर्मियों से नोकझोंक भी हुई थी। चार नामांकन हुए निरस्त- मुरादाबाद गन्ना समिति से 11 निदेशक पदों पर 16 नामांकन हुए थे। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद चार नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। केवल एक निर्वाचन क्षेत्र लोदीपुर राजपूत में दो नामांकन पत्र होने के बाद कारण वहां चुनाव होंगे। चुनाव 16 अक्टूबर को होना है। चुनाव के बाद सभी के बाद एकमात्र सीट के विजेता व दस अन्य निदेशकों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। 16 अक्टूबर को घोषित होने वाले निदेशक 17 अक्टूबर को चेयरमैन का चुनाव करेंगे। इनके नामांकन हुए स्वीकृत- छिरावली से विनोद कुमार, डोमघर से दुर्गपाल, दादूपुर आयशा परवीन, निवाड़खास से कुशलपाल, पैपटपुरा से राजू, भोजपुर से अनिल कुमार, भैंसोड़ा से वीना देवी, मुंडानाजरपुर से मीरा देवी, लोदीपुर जवाहरनगर से कपिल देव सिंह, सिरसखेड़ा से रामभरोसे के नामांकन पत्र सही मिले और इनके सामने कोई चुनाव लड़ने वाला भी नहीं है। यह सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। जबकि लोदीपुर राजपूत में अमरजीत और मोहित चौधरी के बीच मुकाबला होगा।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# रामलीला में भीड़ ने की मनचले की पिटाई

मझोला के रामलीला मैदान के पास लोगों ने मनचले की जमकर पिटाई कर दी। इससे भीड़ में खलबली मच गई। मनचला भी पिटने के बाद भीड़ में गुम हो गया। रावण का पुतला दहन देखने के लिए शहर के साथ ही आस पास के कस्बों से लाखों की संख्या में रामभक्तों की भीड़ जुटी थी। इसी दौरान एक मनचले ने युवती को छेड़ दिया। युवती ने मनचले का गिरेबान पकड़ लिया। इसके बाद उसके कई थप्पड़ मार दिए। यह देख अन्य लोगों ने भी मनचले को पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने मनचले को जमकर पीटा। इससे वहां खलबली मच गई। इस बीच मनचला मौका देखकर वहां से भाग निकला।

## संक्षिप्त समाचार

# पूर्व विधायक के बेटे की आपत्तिजनक फोटो सोशल साइट ग्रुप में डाली

## बेटे ने अपने पेट्रोप पंप पर काम करने वाले पूर्व मैनेजर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

मुरादाबाद- जिले की कांठ विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू के बेटे की फोटो एडिट कर ब्लैकमेलिंग की गई। आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो बनाकर उसे ग्रुप में डाल दिया और अन्य सोशल साइट पर भी वायरल करने की धमकी देकर रकम की मांग की। विधायक के बेटे ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव शेरपुर एत्मादपुर निवासी विक्रांत सिंह के पिता राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू कांठ विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। विक्रांत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छजलैट में उनका कृष्णा इंडियन ऑयल नाम से पेट्रोल पंप हैं। पेट्रोल पंप पर जस्सू नगला निवासी आकाश कुमार मैनेजर था। इसके अलावा शबीउज्जमन उर्फ सज्जन भी पेट्रोल पंप में बतौर मैनेजर काम करते थे। विक्रांत का आरोप है कि दोनों ने मिलकर पेट्रोल पंप पर 1 लाख 40 हजार रुपये का घोटाला किया था, जिसके बाद उन्हें हटा दिया गया था। विक्रांत सिंह के अनुसार दो अक्टूबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने आकाश के बारे में पूछा तो विक्रांत सिंह ने यह कहकर फोन काट दिया कि उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। आरोप है कि इसके बाद 9 अक्टूबर को व्हाट्सएप पर किसी ने ग्रुप बनाया, जिसमें उनके अलावा तीन और लोग जुड़े हैं। ग्रुप में एडमिन ने विक्रांत सिंह समेत सभी के एडिट करके आपत्तिजनक फोटो डाल दिए। साथ ही आरोपी ने धमकी दी कि आकाश से बोलो हमारा लोन देगा, नहीं तो यह फोटो फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दूंगा। विक्रांत सिंह के अनुसार उन्होंने ह्वाट्सएप नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि आकाश ने लोन लेते समय तुम्हारा नंबर और नाम दिया था। विक्रांत सिंह का आरोप है कि उन्हें बदनाम करने के लिए आकाश ही कोई साजिश कर रहा है। इस संबंध में साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाने में धमकी देने और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है

# पुलिस के पकड़ने से बचने को प्रेमी युगल ने कीटनाशक पीया

रामपुर से 30 से सितंबर को भाग कर मूंढापांडे के बाग में छिपे थे, पुलिस पहुंचने से पहले मुरादाबाद- मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बाग में बनी कोठरी में छिपे नाबालिग किशोरी और उसके शादीशुदा प्रेमी ने शनिवार की शाम पुलिस के पकड़े जाने से बचने के लिए कीटनाशक पी लिया। इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामपुर के भोट थाना क्षेत्र के निवासी प्रेमी युगल 30 सितंबर को अपने गांव से भाग गए थे। किशोरी के पिता ने युवक और उसके परिवार के तीन अन्य लोगों के खिलाफ अगवा करके ले जाने की रिपोर्ट भोट थाने दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी। रामपुर जनपद के भोट थाना क्षेत्र के इंड्रा गांव निवासी नाबालिग किशोरी का प्रेम प्रसंग गांव के ही खेमपाल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि पहले से शादीशुदा खेमपाल 30 सितंबर को नाबालिग किशोरी को अपने साथ भगाकर ले गया था। इस संबंध में किशोरी के पिता ने भोट थाने में खेमपाल और उसके परिवार के तीन अन्य लोगों के खिलाफ अगवा करके ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भोट पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान शनिवार की शाम किशोरी के परिवार के लोगों को सूचना मिली कि मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव में बाग में बनी कोठरी में दोनों छिपे हुए हैं। सूचना पाकर मूंढापांडे पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को आता देखकर दोनों कीटनाशक पी लिया। इससे दोनों की हालत बिगड़ने लगी। प्रेमी युगल के जहरीला पदार्थ खा लेने की जानकारी होने पर पुलिस सकते में आ गई और दोनों को आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# नगर पंचायत कर्मचारी का ऑडियो वीडियो वायरल, रुपये लेने का लगाया आरोप

# प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान

मुरादाबाद- नगर पंचायत कर्मचारी का एक ऑडियो वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दुकानदार द्वारा पैसे लेने का आरोप लगाया जा रहा है। ऑडियो में पॉलीथिन की दुकान खोलने पर जुर्माना लगाने की बात कही जा रही है। नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारी दानिश मलिक की एक ऑडियो एवं वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। नगर में कुछ दिन पहले एक पॉलीथिन का गोदाम नगर पंचायत की टीम द्वारा पकड़ा गया था। नगर पंचायत की टीम के कर्मचारी दानिश मलिक द्वारा कहा गया था कि कोई भी पालीथिन बेचेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह उच्च अधिकारियों के आदेश हैं। इस पर दुकानदार ने एक वीडियो बनाई जिसमें कहा जा रहा है कि हर महीने रुपये देते हैं अब देरी होने पर कार्रवाई की गई है। इसी के साथ एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें दुकानदार कह रहा है कि 2000 रुपये की हर माह जुर्माने की रसीद काट दिया करो। जिस पर नगर पंचायत के कर्मचारी ने कहा कि कम से कम 10 हजार की रसीद कटेगी। जो भी प्लास्टिक का प्रतिबंधित सामान बेचेगा उसकी रसीद काटी जाएगी। इस संबंध दानिश मलिक का कहना है कि उन्होंने कहा था कि जो भी दुकान पर प्लास्टिक एवं थर्माकोल का सामान बेचेगा उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। मैंने कोई भी पैसे की बात नहीं कही है। ऑडियो-वीडियो को तोड़ मरोड़ कर पेश किया है। वहीं नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं इसको दिखवाती हूं

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विजयादशमी के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का पुष्प वर्षा के साथ किया गया स्वागत मिश्रा कोचिंग क्लासेस के छात्राओं के द्वारा

क्यूँ न लिखूँ सच - आलोक मिश्रा

आज त्योंथर खंड के चाकघाट नगर में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का पथ संचलन चल रहा था जिसमें मिश्रा कोचिंग क्लासेस की छात्राओं के द्वारा पुष्प की वर्षा की गई जिसे देख मन कृतार्थ हो गया की ये सब हमारी परम्परा है एवं हमारी धरोहर है विजयादशमी के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन चाकघाट नगर में हनुमान मंदिर से गौरा रोड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर चाकघाट तक संपन्न हुआ। पथ संचलन के मार्ग गल्ला मंडी चाकघाट में मिश्रा कोचिंग क्लासेस की छात्राओं कनक ताम्रकार, जान्हवी गुप्ता, वंशिका हरिजन, महिमा गुप्ता तथा दिव्यांशी सोनी द्वारा परम पूज्य भगवा ध्वज का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया जिसमें नगर के सभी गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। संचालन के उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें संघ के विभाग शारीरिक प्रमुख विभाग रीवा का बौद्धिक तथा नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक श्री त्रिलोकी नाथ केसरी जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ त्यौंथर खंड के पालक श्री महेश जी भाई साहब की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।







# तेज रफ्तार ट्रेन की इमरजेंसी विंडो से गिर गई 8 साल की बच्ची, रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में मिली

झांसी जिले से एक ट्रेन हादसे की घटना सामने आई है। यहां तेज रफ्तार ट्रेन की इमरजेंसी विंडो से आठ साल की बच्ची गिर गई। हालांकि बच्ची को जीआरपी ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया।



बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर है। हादसा ललितपुर-बिरारी रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। बच्ची के परिजनों ने जीआरपी टीम के काम की सराहना की है। जीआरपी ने रेस्क्यू कर बच्ची को झांड़ी से किया बरामद- बेटी को सीने लगाकर पिता ने ली राहत भरी सांसटीकमगढ़ रेल मार्ग पर ललितपुर-बिरारी रेलवे स्टेशन के बीच तेज रफ्तार से दौड़ रही गीता जयंती एक्सप्रेस के एक कोच में सफर कर रहे एक यात्री की आठ साल की बच्ची बीती रात आपातकालीन खिड़की से गिर गई।सूचना मिलने पर जीआरपी ने रेस्क्यू कर बच्ची को रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों से बरामद कर लिया, उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि मथुरा जनपद के वृंदावन अंतर्गत रंगनाथ मन्दिर के पास रहने वाले अरविंद तिवारी अपनी पत्नी, पुत्र एवं आठ साल की बेटी गौरी के साथ ट्रेन संख्या 11841 गीता जयंती एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-3 में सीट संख्या 36 पर टीकमगढ़ से वृंदावन की ओर यात्रा कर रहे थे, ट्रेन जब रेलवे स्टेशन बिरारी व ललितपुर के बीच दौड़ रही थी, रात के अंधेरे पर उनकी आठ वर्षीय पुत्री गौरी इमरजेंसी विंडो से गिर गई। टीमें गठित कर चलाया गया सर्च ऑपरेशन- अरविंद तिवारी ने इसकी सूचना रेलवे स्टेशन ललितपुर पर स्थापित हेल्प डेस्क पर दी, जिस पर जीआरपी थाना प्रभारी नवीन कुमार ने उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति की जानकारी और तत्काल 04 टीमों का गठन करके 16 किलोमीटर लम्बे रेलवे ट्रैक को चार हिस्सों में बांटकर सर्च ऑपरेशन चलाया।करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप विंडों से गिरी बच्ची को रेलवे स्टेशन बिरारी व ललितपुर के बीच स्थित खम्भा नम्बर 1043/3 - 4 के बीच रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों से बरामद कर लिया गया। घायल बच्ची को शीघ्र दिया गया इलाज- ऑफ रूट होने के कारण चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुई बच्ची को शीघ्र इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से टीकमगढ़ की तरफ से आ रही मालगाड़ी को रुकवाकर घायल बच्ची को रेलवे स्टेशन लाया गया, जहां जिला अस्पताल के सर्जन डॉक्टर विशाल जैन को रेलवे स्टेशन बुलाकर प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उसकी स्थिति सामान्य है। बच्ची के पैर में फैक्कर व शरीर पर अन्य जगहों पर मामूली चोटें आई हैं, बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने जीआरपी टीम के कार्य की सराहना की है। इस टीम को मिली सफलता- प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी नवीन कुमार, उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कौंस्टबल अनुभव सिंह, कौशलेंद्र सिंह, प्रतीक दीक्षित, श्याम बाबू, कौंस्टबल साहब सिंह, प्रभात कुमार, सुधीर कुमार, कौंस्टबल एपी टिन्कू सिंह थाना जीआरपी, एएसआई अतुल कुमार आरपीएफ एवं हेड कौंस्टबल प्रमोद कुमार सोनी।इनका कहना है- जीआरपी थाना ललितपुर में आकर एक महिला यात्री ने सूचना दी कि वह गीता जयंती एक्सप्रेस ट्रेंन के कोच में टीमकमढ़ से मथुरा की ओर यात्रा कर रही थी, उनके साथ आठ वर्षीय बच्ची भी थी, जो इमरजेंसी विंडो के आस-पास बैठी थी, ट्रेन में अचानक जर्क लगने की वजह से बच्ची विंडों से नीचे गिर गई है, जिस पर जीआरपी ने आरपीएफ की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया और एक घंटे के अंदर बच्ची को बरामद कर लिया तथा त्वरित इलाज दिलाने के लिए घायल बच्ची को मालगाड़ी रुकवाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। -नईम खान मंसूरी, उपाधीक्षक रेलवे, झांसीझांसी में अवैध खनन करते जेसीबी मशीन- झांसी में ही बीती रात खनिज विभाग व थाना बरुआसागर पुलिस ने संयुक्त छापामार कार्यवाही करते हुये जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर सहित चालक को अवैध खनन करते हुये पकड़ लिय। एक चालक भागने में सफल रहा। थाना पुलिस ने पकड़े वाहनों को कब्जे में लिया। थाना बरुआसागर पुलिस को तेन्दोल नाले के पास खेत पर अवैध खनन होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक सरिता मिश्रा के निर्देश पर उपनिरीक्षक सहदेव सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही खनन विभाग के अधिकारी अवैध खनन स्थल पर पहुंचे। ट्रैक्टर समेत पकड़ा गया चालक- अवैध खनन करने वाले वाहनों को सीज करते हुये पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं, चालक को हिरासत में लिया, सिर्फ दोनों वाहनों को सीज कर रस्म अदायगी कर ली, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया।


KYUN NA LIKHUN SACH

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991


# दशहरे पर बलिया में बवाल, अखाड़े में तब्दील हुआ पंडाल; रात की जगह सुबह जला रावण

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दशहरा के दौरान भड़की हिंसा में 26 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास विधि विरुद्ध जमावड़ा और सेवन सीएल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सहतवार चेयरमैन प्रतिनिधि समेत कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में तनाव का माहौल है। दशहरा की रात में दो समितियों के बीच जमकर हुई मारपीट- 26 नामजद सहित 50 के खिलाफ मुकदमा दर्जकोतवाली क्षेत्र के खरौनी में दशहरा की रात रावण के पुतला दहन कार्यक्रम के आयोजन के दौरान आपसी तनातनी में पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में पुलिस ने सहतवार चेयरमैन प्रतिनिधि समेत दोनों पक्षों के 26 नामजद समेत 50 से अधिक के खिलाफ हत्या के प्रयास, विधि विरुद्ध जमावड़ा व सेवन सीएल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर 17 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। खरौनी गांव में पिछले कई वर्षों से दशहरा के कार्यक्रम व रावण के पुतला दहन का आयोजन किया जाता है। आयोजन में गांव के दो पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो समितियां शक्ति बाबा ज्योति दुर्गा पूजा समिति व टेका बाबा स्पोर्ट क्लब के द्वारा कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। मंच बनाकर दोनों समितियों की ओर से दलगत नेताओं को भी बुलाया जाता है। मारपीट में 20 लोग हुए घायल- एक पक्ष के आमंत्रण पर पंहुचे नगर पंचायत सहतवार के चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू जब मंच से अपना संबोधन शुरू किए तो दूसरे पक्ष ने तेज आवाज में डीजे बजाना शुरू कर दिया। इसको लेकर कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर के बाद पूरा पंडाल अखाड़े में तब्दील हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। बवाल के घंटों बाद सीओ बांसडीह प्रभात कुमार पूरे सर्किल की फोर्स लेकर मौके पर पंहुचे और बवाल को शांत करने का प्रयास किया। जिसके बाद आयोजन पक्ष ने रावण का पुतला दहन करने से मना कर दिया। सुबह के चार बजे तक बवाल चलता रहा और रावण का पुतला दहन रुका रहा। जब पुलिस ने देखा कि दोनों पक्ष किसी तरह से मानने को तैयार नहीं है तो पुलिस ने बल का प्रयोग कर कई युवकों को उठाकर थाने ले आई। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सुबह में रावण का पुतला दहन कराया।इलाके में तनाव का माहौल- पुलिस ने एक पक्ष के नवीन सिंह की तहरीर पर 13 नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष के उमेश तिवारी की तहरीर पर सहतवार चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डू सिंह सहित 13 नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद गांव में काफी तनाव का माहौल है। मौके पर हल्दी, सिकंदरपुर, रेवती सहित कई थानों की फोर्स लगी हुई है। इस संबंध में पूछने पर सहतवार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू ने बताया कि उनके खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र के तहत कार्रवाई की गयी है। इसे न्यायालय के चुनौती दी जायेगी।



# मां ने मोबाइल देने से किया इनकार, नाराज छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान; मचा हड़कंप

